जालंधर, बुधवार 22 मई 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247

# वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com




**सुविचार**
इंसान की आदत है नहीं मिले तो सब्र नहीं करता
और मिल जाएं तो कद्र नहीं करता

# पंजाब में PM की रैली को लेकर सुरक्षा चाक चौंद

## गुजरात सहित इन राज्यों की पुलिस ने संभाला मोर्चा



**जालंधर( हिमांशु ) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली का विरोध करने के लिए किसानों की ओर से योजनाएं तैयार करनी शुरू कर दी गई है।

उधर इस बार प्रधानमंत्री की सुरक्षा में किसी तरह की चूक न हो इसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई है।सुरक्षा एजेंसियां इस बार किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाह रही।

### 2022 में सुरक्षा में हुई थी चूक

बता दें 2022 पंजाब विधानसभा चुनाव के दौरान जब प्रधानमंत्री फिरोजपुर में एक जनसभा को संबोधित करने आए थे तो किसानों की ओर से प्रधानमंत्री का काफिला रोक लिया गया था। जिस के बाद इस मामले की जांच अभी भी जारी है। अब तक जो जांच की गई उस में पंजाब के आइएएस और आइपीएस अधिकारियों को दोषी भी पाया गया है। ऐसे में अब कोई भी अधिकारी जोखिम लेने को तैयार नहीं है।

### अंतिम चरण में राज्य में होगा चुनाव

राज्य में चुनाव अंतिम चरण में होना है। ऐसे में जिन जिन राज्यों में चुनाव संपन्न हो रहा है वहां से केंद्रीय सुरक्षा बलों की कंपनियां पंजाब आ रही है। वहीं पंजाब पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक राज्य के 200 से अधिक एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर करीब 60 स्थायी, करीब 150 अस्थायी और आधुनिक यंत्रों वाले 10 से अधिक हाईटेक नाके लगाए गए हैं। सरहदी जिलों के एसएसपी को अंतरराज्यीय नाके लगा कर सीमाओं को सील करने के लिए कहा गया है।

### राज्यों की सीमाओं को पूरी तरह से कर दिया गया सील

किसी भी व्यक्ति को भी उनकी और उनके वाहनों की चेकिंग और जांच किए बिना राज्य में प्रवेश व बाहर न जाने देने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इंटर स्टेट नाकों के अलावा, पड़ोसी राज्यों के साथ लगती सीमाओं को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। पुलिस की ओर से विशेष नाके लगाए जा रहे हैं। किसी को भी कानून व्यवस्था बिगाड़ने नहीं दी जाएगी। ध्यान रहे कि प्रधानमंत्री आगामी 23 और 24 को पंजाब में रैलियों को संबोधित करेंगे।

### इन राज्यों की पुलिस ने भी संभाली सुरक्षा की कमान

वहीं जालंधर, पटियाला, गुरदासपुर में होने वाली रैलियों की सुरक्षा की कमान पंजाब पुलिस के अलावा, गुजरात, राजस्थान व अन्य राज्यों की पुलिस ने संभाल ली है। राज्य में अब तक बीएसएफ, सीआरपीएफ, आइटीबीपी व अन्य राज्यों की पुलिस पहुंच गई है। एनएसजी पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है। राज्य में चुनाव के चलते 252 कंपनियों की तैनाती की जानी थी। जिन में से 50 से ज्यादा कंपनियां पंजाब पहुंच गई है।

# सुखबीर बादल ने 1984 के ताजा किए घाव

## बोले-ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी पर कांग्रेस को न दें वोट

**जालंधर ( जसवीर ) :** प्रदेश में सरकार के दौरान 2015 में फरीदकोट के बुर्ज जवाहर सिंह वाला में हुई बेअदबी की घटनाओं और इसके विरोध में प्रदर्शन कर रहे सिखों की हत्या के आरोपों का सामना कर रहे सुखबीर सिंह बादल फरीदकोट में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे।

इस दौरान उनकी तरफ से फरीदकोट के ही सादिक में चुनावी सभा की है और इस दौरान उनकी तरफ से श्री अकाल तख्त साहिब की पुरानी तस्वीर स्टेज से दिखाई है। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि 1 जून को ही साल 1984 में इसी दिन शुरू किए ऑपरेशन ब्लू स्टार की 40 वीं बरसी है।



### अकाल तख्त पर किया था हमला : सुखबीर बादल

इसी दौरान ही कांग्रेस की सरकार ने श्री हरिमंदिर साहिब और श्री अकाल तख्त साहिब पर हमला करवाया था। उनका कहना था कि उसी दिन ही लोक सभा चुनाव के दौरान मतदान होना है और कहीं इस दिन भूलकर भी कांग्रेस को वोट नहीं दे देना।

शिअद की पुरानी कोर लाइन पंथ पर कब्जे को भी सुखबीर ने पूरे जोर शोर से उठाया है। भाषण के दौरान सुखबीर सिंह बादल ने कहा है कि आप लोगों ने अकाली दल को कमजोर किया तो आरएसएस ने तख्त श्री हजूर साहिब पर कब्जा कर लिया है।

यही नहीं दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी पर कब्जा कर लिया है, यही नहीं श्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को तोड़कर हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बना दी गई है और उस पर अपना एजेंट बिठा दिया गया है। जब उन्होंने पूरा मेला लूट लिया तब जागोगे।

### दो सिख प्रदर्शनकारियों की गई थी जान

बता दें कि 2015 में फरीदकोट के बुर्ज जवाहर सिंह वाला से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पावन अंग चोरी हो गए थे और उनके अंग बाद में गलियों में मिले थे। इसके बाद कोटकपूरा के मुख्य चौक में धरना दे रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। इसके बाद बहबलकलां में प्रदर्शन के दौरान दो सिख प्रदर्शनकारियों की कथित तौर पर पुलिस की गोली से मौत हो गई थी। इसमें सुखबीर सिंह बादल समेत अन्य नेताओं और पुलिस अधिकारियों को नामजद किया गया है और वह फरीदकोट की अदालत में केस का सामना कर रहे हैं।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू की रवनीत बिट्टू और हंसराज हंस को धमकी

## कहा- मौत का बदला मौत से, याद करो बेअंत सिंह को

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने लुधियाना से बीजेपी प्रत्याशी रवनीत बिट्टू और फरीदकोट से उम्मीदवार हंसराज हंस को धमकी दी है। पन्नू ने बिट्टू को अपने दादा को याद करने के लिए भी कह दिया है।



आतकी पन्नू की तरफ से एक वीडियो जारी किया गया है। वीडियो में आतंकी पन्नू कह रहा है कि रवनीत बिट्टू और हंस राज हंस सुन लें। तुमने पंजाब के किसानों को कत्ल करने की धमकी दी है। ये पंजाब है, यहां कत्ल का बदला कत्ल होता है। बिट्टू याद कर ले अपने दादे व बाबा बेअंत सिंह को। संदेश है पन्नू का, अगर एक भी किसान का कत्ल हुआ तो कत्ल का बदला कत्ल होगा। इसके साथ ही वीडियो में आतंकी पन्नू ने एक बार फिर पंजाब के किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला रोकने के लिए उकसाया है। आतंकी ने कहा कि नरेंद्र मोदी पंजाब आ रहे हैं। किसानों को इन्हें रोकना होगा। जो कील पंजाब की जमीन में ठोकी हैं, ये ही इनकी छाती पर ठोकनी हैं। नरेंद्र मोदी के काफिले को रोकने के लिए सड़कें व एयरपोर्ट को घेर लेना चाहिए।

बता दें कि कुछ दिन पहले हंस राज हंस ने कहा था- बंदे बनना नहीं जूतों के बिना। 2 तारीख होने दो, इन्हें देखना जूते कैसे पड़ते हैं। वहीं, बिट्टू ने कहा था कि किसान चार झंडियां लेकर खड़े हो जाते हैं। गांवों में जाने से रोकते हैं। अकेले अकेले का हिसाब करेंगे, अकेले-अकेले की वे वीडियो बना रहे हैं।


HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# ओवरबुकिंग के चलते यात्री को इंडिगो फ्लाइट में नहीं मिली सीट

## खड़ा होकर कर रहा था यात्रा, विमान को हवाई अड्डे पर लौटना पड़ा



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो की एक उड़ान को मंगलवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर एयरोब्रिज पर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि चालक दल ने उड़ान भरने से ठीक पहले एक ओवरबुक यात्री को देखा।

यह घटना सुबह 7.50 बजे के आसपास हुई जब उड़ान संख्या 6ई 6543 उड़ान भर रही थी, तभी चालक दल के एक सदस्य ने विमान के पिछले हिस्से में एक पुरुष यात्री को खड़ा देखा। यात्रियों में से एक संदीप पांडे ने कहा, तभी चालक दल ने पायलट को सतर्क किया और उड़ान को टर्मिनल पर लौटा पड़ा। एयरलाइन ने अभी तक इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। खाली सीटों के साथ उड़ान भरने की संभावना को सीमित करने के लिए एयरलाइंस आम तौर पर ओवरबुकिंग करती हैं।

एक अन्य यात्री अखिलेश चौबे, जो काम की यात्रा पर वाराणसी जा रहे थे, ने कहा, उड़ान खाड़ी में लौट आई और यात्री को उतार दिया गया। कम से कम एक घंटे की देरी के बाद उड़ान भरने से पहले एयरलाइन ने विमान में सवार सभी यात्रियों के केबिन के सामान की जाँच की।

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट Flightradar24 के मुताबिक, विमान ने सुबह 8.41 बजे उड़ान भरी। फ्लाइट में तीसरे यात्री अमित मिश्रा ने कहा कि वे सुबह करीब 10.30 बजे वाराणसी में उतरे। सुबह 7.50 बजे की उड़ान पकड़ने के लिए, यदि किसी के पास चेक-इन बैग नहीं है, तो उसे सुबह 6.30 बजे तक हवाई अड्डे पर पहुंचना होगा। एयरलाइन के अवैध उद्देश्यों के कारण होने वाली ऐसी देरी को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा उठाए जाने की आवश्यकता है।

विमानन नियामक वैध टिकट पर भी विमान में चढ़ने से इनकार करने पर एयरलाइंस पर जुर्माना लगा रहा है। 2016 में अधिसूचित डीजीसीए के नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार, यदि निर्धारित प्रस्थान के एक घंटे के भीतर वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की जाती है, तो एयरलाइन को यात्रियों को कोई मुआवजा देने की आवश्यकता नहीं है।

हालाँकि, यदि एयरलाइन बोर्डिंग से इनकार करने के 24 घंटों के भीतर वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था करती है, तो उसे बुक किए गए एकतरफ़ा मूल किराए का 200%, साथ ही एयरलाइन ईंधन शुल्क, अधिकतम 10,000 का भुगतान करना होगा।

# पुणे के नाबालिग ड्राइवर को जमानत दिए जाने पर राहुल गांधी का पीएम पर तंज... न्याय धन पर आधारित है



**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को उस किशोर को जमानत दिए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा, जिसने 19 मई को अपनी पोर्शे कार से एक बाइक को टक्कर मार दी थी, जिसमें पुणे में दो तकनीशियनों की जान चली गई थी।

एक्स पर एक पोस्ट में, कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी पर हमला किया और लिखा, नरेंद्र मोदी दो भारत बना रहे हैं- जहां न्याय धन पर आधारित है।

वीडियो संदेश में, गांधी ने कहा, अगर कोई बस ड्राइवर, ट्रक ड्राइवर, ओला, उबर, ऑटो ड्राइवर गलती से किसी को कुचल देता है, तो उन्हें 10 साल के लिए जेल में डाल दिया जाता है और चाबी फेंक दी जाती है। लेकिन अगर एक अमीर आदमी का बेटा नशे की हालत में पोर्च चलाता है और कुछ लोगों को मार डालता है, उससे एक निबंध लिखने के लिए कहा जाता है (सड़क दुर्घटनाओं के प्रभाव और उनके समाधान पर) वे आम बस या ट्रक ड्राइवरों से ऐसा करने के लिए क्यों नहीं कहते जो उसी। दुर्घटना में शामिल पोर्शे चला रहे किशोर को हिरासत के 14 घंटे के भीतर किशोर अदालत ने जमानत दे दी, जिससे बड़े पैमाने पर आक्रोश फैल गया।

# सुखपाल खैहरा के विवादित बयान पर लोगों ने घेरा राजा वड़िंग का कार्यालय, किया प्रदर्शन



**जालंधर ( काजल विज ) :** कांग्रेस उम्मीदवार सुखपाल खैहरा द्वारा दिए गए विवादित वक्तव्य के बाद पूर्वांचल समाज के लोगो में कांग्रेस के प्रति रोष बढ़ता ही जा रहा है। आज पूर्वांचल समाज के लोगों ने फिरोजपुर रोड पर स्थित कांग्रेस पार्टी के चुनाव कार्यालय के बाहर तख्तियां लेकर रोष प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए पूर्वांचल समाज के लोगों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को पूर्वांचल समाज के विरुद्ध विवादित बयानबाजी के लिए समाज से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस नेता सुखपाल खैहरा का वक्तव्य घटिया सोच का परिचायक है।

खैहरा पंजाब के भाईचारे को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पूर्वांचल भाईचारे का पंजाब की उन्नति में अहम रोल है, खैहरा जैसे कांग्रेस नेता पूर्वांचल व पंजाब के लोगो में खाई पैदा करके पंजाब की अमन-शांति को भंग करना चाहते हैं और पंजाब को प्रगति के पथ से उतारना चाहते हैं।

# खुशखबरी! पंजाब में अक्टूबर से महिलाओं को हर माह मिलेंगे इतने रुपए, सीएम मान ने की घोषणा



**जालंधर ( नितिका ) :** प्रदेश की महिलाओं को अक्टूबर महीने से एक हजार रुपये प्रति महीना मिलने लगेगा। यह घोषणा सोमवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हलका पूर्वी के टिब्बा रोड पर निकाले गए रोड शो के दौरान की।

## 55 करोड़ रुपए खर्च आएगा

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अक्टूबर तक बजट से लगभग सात हजार करोड़ की बचत होने जा रही है। इस पैसे से और इसी महीने से वह अपनी पहली गारंटी महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह देने को पूरा करेंगे। महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति महीना देने के लिए लगभग 55 सौ करोड़ रुपये खर्च आना है।

## लोकसभा चुनाव में आप को नंबर वन बनाना उद्देश्य

जब हमारे पास सात हजार करोड़ रुपये हो जाएंगे तो वे इस गारंटी को शुरू कर देंगे ताकि अगर एक बार योजना शुरू हो जाए तो फिर बंद न हो। उन्होंने लुधियाना के मतदाताओं से अपील की कि वे इस लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को नंबर एक बना दें ताकि पार्टी का सांसद केंद्र से योजनाएं लाकर लुधियाना को विकास में भी नंबर एक बना सके। मान ने कहा कि कड़ी धूप में भी लोगों का घंटों रोड शो के लिए खड़ा रहना इसका प्रमाण है कि लोग आम आदमी पार्टी को दिल से चाहते हैं।

## एक जून को होगा मतदान

पंजाब में आने वाली एक जून को वोटिंग होनी है। ऐसे में राजनीतिक दल प्रचार प्रसार में जोरों से जुटे हैं। इसी क्रम में भगवंत मान और केजरीवाल भी पंजाब में जमकर रैलियां कर रहे हैं। पंजाब की तरह लोकसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी अकेले चुनाव लड़ रही है। इसी के साथ भाजपा, कांग्रेस शिअद और बसपा पार्टी भी चुनावी मैदान में है। राजनीतिक समीकरणों को साधते हुए सभी पार्टियों ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

# 'वोट डालना तो अपने बच्चों का चेहरा याद करना...'

## परनीत कौर बोलीं- ड्रग्स की लत ने आज उनको चोर बना दिया



**जालंधर ( नितिका ) :** भाजपा प्रत्याशी परनीत कौर महिलाओं को उनकी शक्ति याद करवाकर आधी आबादी को साधने में जुटी हैं। वह बैठकों में कह रही हैं कि आप वोट डालने जाएं तो अपने बच्चों का चेहरा सामने जरूर रखें। ड्रग्स की लत ने बच्चों को चोर बना दिया है। रोजगार नहीं मिल रहा है।विधानसभा चुनाव के दौरान एक हजार रुपये महिलाओं को देने का वादा किया गया था। झाड़ू वाले (आम आदमी पार्टी) और कांग्रेसी मिले हैं। अगर वोट मांगने आएं तो कहना कि पहले 28 हजार रुपये प्रति महिला दो, फिर बात सुनेंगे।

पटियाला स्थित न्यू मोती बाग में सुबह 9.15 बजे हलचल शुरू हो जाती है। गाड़ियां तैयार थीं। सुबह 9.30 बजे परनीत कौर गाड़ी में बैठ जाती हैं। इससे पहले वह एक घंटे तक आए हुए लोगों के साथ अलग-अलग बैठक कर रही थीं।

काफिला सनौर विधानसभा क्षेत्र के काठगढ़ गांव की तरफ बढ़ा। रास्ते में ही सूचना आ गई कि कुछ किसान वहां पर विरोध करने के लिए पहुंच गए हैं।

**झाड़ू वाले कर रहे किसान के रूप में विरोध :** परनीत के चेहरे पर एक पल के लिए शिकन तो आई। साथ ही, उन्होंने कहा कि ये झाड़ू वाले हैं, जो किसान के रूप में विरोध कर रहे हैं। बैठक स्थल पर महिलाओं की संख्या अधिक थी।

जैसे ही परनीत कौर बोलने लगीं तो महिलाएं उठकर जाने लगीं। नाटकीय माहौल में परनीत कौर कहती हैं कि बीबियों आपकी गैरहाजिरी कोई नहीं लगा सकता।

मनरेगा की दिहाड़ी केंद्र सरकार की तरफ से आती है। आपने प्रधानमंत्री चुनना है। इसके बाद जो महिलाएं उठ कर जाने लगी थीं, वे बैठ गईं।

गाड़ी में बैठते ही परनीत कौर कहती हैं कि देखा किस प्रकार से लोगों को धमकाया जा रहा है। महिलाओं को कहा गया है कि अगर आप नहीं उठती तो उन्हें मनरेगा के तहत अनुपस्थित कर दिया जाएगा। इससे पहले वह मोदी की गारंटी लखपति दीदी का जिक्र करना नहीं भूलती हैं।

### किसान हक की लड़ाई लड़ रहे या राजनीतिक दलों की : परनीत

वह कहती हैं कि कई राज्यों में यह योजना चल रही है, लेकिन पंजाब सरकार ने इस योजना का लाभ आप लोगों तक पहुंचने नहीं दिया। परनीत कौर सवाल खड़े करती हैं कि किसान अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं या राजनीतिक दलों के।

यह विधानसभा का चुनाव नहीं और न ही सरपंची का है। यह देश का चुनाव है। आज देश को मजबूत सरकार चाहिए। यह बात वह सार्वजनिक बैठकों में भी करती हैं। दीवानवाला में बैठक के दौरान परनीत कौर कहती हैं कि केजरीवाल कानूनी दायरे के तहत जेल गए, उसी कानूनी दायरे के तहत बाहर आए। अब आप वाले कह रहे हैं कि हमें वोट दे दो, ताकि केजरीवाल को वापस जेल न जाना पड़े। अगर आप लड़ ही 22 सीटों पर रहे हो। लोग पंजाब के नाम पर आपको वोट इसलिए दे दें कि केजरीवाल को जेल न जाना पड़े।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



# दो साल हो जाएंगे नहीं मिला न्याय...

## संगरूर में सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह का छलका दर्द

**जालंधर (जसवीर) :** पंजाब में संगरूर से कांग्रेस प्रत्याशी सुखपाल खेहरा की जनसभा में सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह भी नजर आए। इस बीच जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने बेटे के लिए न्याय में देरी और प्रशासन के ढूलमुलाते रवैए को लेकर मायूसी जताई।

बलकौर सिंह ने कहा कि इस माह मेरे बेटे शुभदीप सिंह सिद्धू मूसेवाला की हत्या को 2 साल हो जाएंगे, लेकिन बहुत दुख की बात है कि ये सरकारें उन्हें न्याय देने की बजाय अभी भी हाथ पर हाथ धरे बैठी हैं।

### मेरे बेटे की क्या गलती थी : बलकौर सिंह

उन्होंने कहा कि मेरे बेटे सिद्धू की क्या गलती थी। उसने किसी का क्या बिगाड़ा था। लेकिन हम सिद्धू के न्याय के लिए अंत तक लड़ते रहेंगे। बलकौर सिंह ने कहा कि मेरे बेटे ने किसी का क्या बिगाड़ा था। वह मेरा इकलौता बेटा था। पंजाब सरकार ने उसकी सुरक्षा वापस ले ली। आप मुझसे पूछिए मैंने उसे कैसे उसका पालन पोषण कर बढ़ किया था। क्या उसके लिए मशहूर होना गुनाह था।



### साल 2022 में हुई हत्या

बता दें कि दो साल पहले 29 मई ,2022 को पंजाब के मानसा में सिद्धू मूसेवाला की हत्या उस दौरान कर दी गई जब वह थार कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे। दिवंगत सिद्धू मूसेवाला पर दो कारों में सवार शूटरों ने 30 राउंड से ज्यादा फायर किए थे। जिसमें सिद्धू को 19 गोलियां लगीं। इस हमले का आरोपी गोल्डी बराड़ अभी तक पुलिस की पहुंच से बाहर है।

### बलकौर सिंह लड़ेंगे चुनाव

शुरू में ऐसी चर्चा थी कि बलकौर सिंह सिद्धू निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस नेताओं की समझाइश और वार्ता के बाद वह माने। मौजूदा समय में वह संगरूर से कांग्रेस प्रत्याशी सुखपाल खेहरा के समर्थन में हैं और लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे कांग्रेस को वोट दें।

# शाम को आ जाइए फांसी पर लटक जाते हैं... जानिए आखिर क्यों भड़क उठे बृजभूषण शरण

**जालंधर (दीपांशु चोपड़ा) :** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों को लेकर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में बृजभूषण शरण के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। सुनवाई के बाद कोर्ट से बाहर निकलते वक्त आरोप तय होने को लेकर जब पत्रकारों की तरफ से सवाल पूछा गया तो भड़के बृजभूषण शरण ने कह दिया कि शाम को आ जाइए फांसी पर लटक जाते हैं। बृजभूषण शरण यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि- आप मजाक कर रहे हैं, तफरी ले रहे है।



बृजभूषण शरण का यह गुस्सा उस सवाल पर सामने आया, जिसमें उनसे पूछा गया कि आपने ऐलान किया था कि जब आरोप तय हो जाएंगे तो आप फांसी से लटक जाएंगे, अब आपका क्या कहना है? बृजभूषण शरण ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि हमनें सिर्फ ये कहा था कि जब आरोप सिद्ध होंगे। अभी तक हमारे खिलाफ चार्ज फ्रेम हुआ है। अब पुलिस को कोर्ट में साबित करना है कि जो आरोप मेरे ऊपर लगाए हैं, उनके सबूत क्या हैं। मेरे पास मेरी बेगुनाही के सबूत हैं।

जब बृजभूषण शरण से पूछा गया कि महिला पहलवानों के आरोपों को लेकर आपको खामियाजा भुगतना पड़ा, आपका टिकट कट गया? इस पर उन्होंने कहा कि हमारे बेटे को टिकट मिल गया। जब उनसे कोर्ट में चल रहे मामले को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह सभी झूठे मामले हैं। अब दिल्ली पुलिस को साबित करना है कि मेरे खिलाफ क्या सबूत हैं। मेरे पास सभी सबूत मौजूद हैं।

बता दें कि बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आज दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। उन पर कोर्ट ने IPC की धारा, 354, 354, 506/1 में आरोप तय किए हैं। कोर्ट की एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत की कोर्ट में ये सुनवाई हुई। इस मामले में आरोप तय होने के बाद बृजभूषण शरण सिंह की पहली पेशी है। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप तय करने का आदेश दिया था। कुल 6 महिला खिलाड़ियों ने बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाया था।

# पंजाब सरकार ने दिखाई सख्ती, आदेश ना मानने वाले स्कूलों पर की कार्रवाई

**जालंधर( हिमांशु ) :** पंजाब की भगवंत मान सरकार द्वारा प्रदेशभर के सभी स्कूलों में तिथि 21 मई से 30 जून तक छुट्टियां का ऐलान किया गया है। रिकॉर्ड गर्मी की वजह से मौसम विभाग की तरफ से 25 मई तक रेड अलर्ट जारी किया गया है ज्ञात हो कि आदेशों का उल्लंघन करने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। जनता की शिकायत के चलते इन स्कूलों को तत्काल बंद करवा दिया गया। जिन स्कूलों पर सरकार ने कार्रवाई की है, उनमे टाइगर इंटरनेशनल स्कूल लुधियाना, जोसेफ सैकर्ड हार्ट साउथ सिटी लुधियाना, गुरु नानक पब्लिक स्कूल, गुरु हरकृष्ण आदर्श स्कूल ढांड़ा, पिंकी प्लेवे स्कूल सराभा नगर, गुरु हरकृष्ण स्कूल ढांड़ा, ई-कैनेडियन स्कूल माणकवाल ढांड़ा रोड, श्रीराम यूनिवर्सल स्कूल सराभा नगर, गुरु नानक पब्लिक स्कूल मुल्लांपुर, सेंट्रल मॉडल हाई स्कूल लुधियाना का शामिल है।




# रवि दहिया का टूटा सपना, WFI ने कहा- जिसने जीता कोटा वही जाएगा पेरिस

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** टोक्यो ओलंपिक में सिल्वर लाने वाले रवि दहिया पेरिस ओलंपिक नहीं जाएंगे। सोमवार को रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के फैसले ने उनकी पेरिस जाने की सारी उम्मीदों को तोड़ दिया। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मंगलवार, 21 मई को बड़ा फैसला करते हुए ऐलान किया कि पेरिस ओलंपिक के लिए कोई सेलेक्शन ट्रायल नहीं कराए जाएंगे।

### रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया का बड़ा फैसला

फेडरेशन के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि जो पहलवान कोटा हासिल करके लाए हैं उन्हीं को पेरिस ओलंपिक भेजा जाएगा। संजय सिंह ने कहा, 'सेलेक्शन समिति ने यह फैसला किया कि अब तक जो परिपाटी रही है कि जो कोटा लेकर आया है वही जाएगा, वैसा ही इस बार भी होगा। कोटा लाने वाले एथलीट्स को ही पेरिस भेजा जाएगा। कोई सेलेक्शन ट्रायल नहीं होगा।'



### रवि दहिया की टूटी उम्मीद

रवि दहिया की 57 किलो ग्राम की कैटेगरी में अमन सहरावत ने कोटा लिया है। डब्ल्यूएफआई के फैसले के बाद अमन ही पेरिस जाएंगे। वहीं बजरंग की 65 किलोग्राम कैटेगरी में कोटा ही नहीं आया था और उनकी उम्मीदें पहले ही टूट चुकी थी।

### 50 किलोग्राम में जाएंगी विनेश फोगाट


इस फैसले के बाद विनेश फोगाट की वेट कैटेगरी को लेकर जारी कंफ्यूजन भी खत्म हो गई। विनेश फोगाट आमतौर पर 53 किलोग्राम में हिस्सा लेती हैं। हालांकि इस कैटेगरी में अंतिम पंघाल ने कोटा लिया है और अब वही इस कैटेगरी में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं विनेश फोगाट 50 किलोग्राम वेट कैटेगरी में कोटा लेकर आई थीं और अब उसी कैटेगरी में प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं संजय सिंह ने यह भी कहा कि 8 जुलाई से पहले वह जरूरत पड़ने पर ट्रायल करा सकते हैं। उन्होंने कहा ,"हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी पहलवान को चोट ना लगे। इसलिये ट्रायल की जगह भारतीय कोच कोटा विजेताओं का आकलन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और अभ्यास शिवर में करेंगे। अगर कोई फिट नहीं है तो उसके विकल्प पर विचार किया जा सकता है। हम आठ जुलाई से पहले उस वर्ग में चयन ट्रायल का आयोजन करेंगे।"

# पंजाब में बरस रही आग

## दस साल का रिकॉर्ड टूटा, पांच दिन भीषण गर्मी-लू का अलर्ट जारी

**जालंधर( काजल विज ) :** पंजाब में आसमान से आग बरस रही है। मौसम विभाग ने पांच दिन के लिए प्रचंड गर्मी और भीषण लू का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को बठिंडा का तापमान 46.7 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार पंजाब में अधिकतम तापमान ने मई माह में पिछले 10 साल के रिकार्ड तोड़ दिए हैं। वहीं, पंजाब के स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी व निजी स्कूलों में 21 मई से लेकर 30 जून तक छुट्टियां का एलान कर दिया है। सूबे के पांच अन्य शहरों बठिंडा, पठानकोट, बरनाला, फिरोजपुर व समराला का पारा 44 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। बठिंडा में सीवियर हीट वेव रही, जिसके चलते वह पंजाब में सबसे गर्म रहा। हालांकि प्रदेश का अधिकतम तापमान सोमवार को 0.2 डिग्री की कमी दर्ज की गई है, लेकिन यह अब भी सामान्य से 5.3 डिग्री ऊपर बना हुआ है। वहीं, सूबे के न्यूनतम तापमान में 0.9 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। इससे अब यह सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक हो गया है। विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 47 डिग्री का भी क्रॉस कर सकता है।



### यहां बरस रही है आग

पंजाब में 46.7 डिग्री के साथ बठिंडा ही सबसे गर्म रहा। इसके अलावा अमृतसर का पारा 44.5, लुधियाना का 43.6, पटियाला का 43.5, पठानकोट का 44.3, बरनाला का 44.1, फिरोजपुर का 44.5, एसबीएस नगर का 42.2, समराला का 45.8 डिग्री व जालंधर का 43.6 डिग्री दर्ज किया गया।

### पराली और नाड़ ने वातावरण किया दूषित

ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम में बदलाव आ रहे हैं। इसके लिए काफी हद तक पंजाब-हरियाणा भी जिम्मेदार है, जहां के खेतों में धान की पराली व गेहूं की नाड़ जलाकर वातावरण को दूषित किया जा रहा है।

*-एके सिंह, डायरेक्टर, मौसम विभाग चंडीगढ़*

### स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र 30 जून तक बंद

पंजाब के स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी व निजी स्कूलों में 21 मई से लेकर 30 जून तक छुट्टियों का एलान कर दिया है। बच्चों की सेहत व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया है। विभाग के सचिव कमल किशोर यादव ने अपने आदेशों में कहा कि छुट्टियों के दौरान टीचिंग व नॉन टीचिंग कैडर से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी चुनावों से संबंधित लगी अपनी डयूटी में सेवाएं देते रहेंगे।

वहीं, सामाजिक सुरक्षा व महिला एवं बाल विकास विभाग पंजाब ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में भी 21 मई से 30 जून तक छुट्टियां कर दी हैं। आदेशों में कहा गया है कि आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चों की उम्र 3 से 6 वर्ष होती है, जिसके चलते इन बच्चों की संभाल बहुत जरूरी है। आंगनवाड़ी वर्करों व हेल्परों को निर्देश दिए गए हैं कि वह इन छुट्टियों के दौरान बच्चों के घरों में विजिट करेंगे और उनको घर पर ही राशन देना यकीनी बनाएंगे।

# इंडोनेशिया को अमेरिकी प्रतिबंधों का डर नहीं

## रूस से खरीदने जा रहा सुखोई Su-35 लड़ाकू विमान

**जालंधर( संदीप मान ) :** रूस में इंडोनेशियाई राजदूत जोस तवारेस ने पिछले हफ्ते पुष्टि की कि उनका देश सुखोई स्ह-35 लड़ाकू विमान खरीदने वाले समझौते से पीछे नहीं हटा है। रूस और इंडोनेशिया ने 11 सुखोई एसयू-35 लड़ाकू विमान की खरीद के लिए 1.14 बिलियन डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि, 2019 में ऐसी अपुष्ट खबरें आई थी कि इंडोनेशिया अमेरिकी प्रतिबंधों के डर से इस समझौते से पीछे हट गया है। अब इंडोनेशियाई राजदूत ने कहा है कि जकार्ता अनुबंध के कार्यान्वयन पर लौटने से पहले स्थिति के अधिक अनुकूल होने की प्रतीक्षा कर रहा था। उन्होंने कहा कि इसे कुछ संभावित असुविधाओं से बचने के लिए रोक दिया गया था।

**अमेरिकी प्रतिबंधों से इंडोनेशिया को डर नहीं :** ऐसे में माना जा रहा है कि इंडोनेशियाई राजदूत का इशारा अमेरिकी प्रतिबंधों की तरफ था। रूसी लड़ाकू विमानों की एक नई पीढ़ी के अधिग्रहण से इंडोनेशियाई वायु सेना के लिए पूरी तरह से नाटो-संगत लड़ाकू बेड़े को संचालित करने की पश्चिमी दुनिया में व्यापक रूप से व्यक्त की गई उम्मीदें खत्म हो जाएंगी। जकार्ता के भविष्य के भू-राजनीतिक रणनीति के संबंध में बढ़ती अनिश्चितता के बीच इस सौदे के संभावित रूप से महत्वपूर्ण रणनीतिक निहितार्थ हैं।




### 2018 में दिया था एसयू-35 का ऑर्डर

इंडोनेशिया ने रूसी लड़ाकू विमानों के लिए अपना पहला ऑर्डर 1997 में दिया था और उम्मीद की जा रही थी कि वह Su-35 के पूर्ववर्ती Su-27 और Su-30 के लिए एक प्रमुख ग्राहक बन जाएगा। हालांकि, एशियाई वित्तीय संकट ने इंडोनेशिया को कम संख्या में लड़ाकू विमानों की खरीद करने को मजबूर किया। इंडोनेशिया ने 2003-2010 के दौरान 10 Su-27 और Su-30 का एक छोटा बेड़ा हासिल किया, इसके बाद 2013 में छह Su-30MK2 का अधिग्रहण किया। इसके बाद इंडोनेशिया ने फरवरी 2018 में रूस के साथ 11 Su-35 के लिए एक ऑर्डर को अंतिम रूप दिया।

### एसयू-35 की रेंज का कायल हुआ इंडोनेशिया

तब इंडोनेशियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि वह पहले से ही Su-27 और Su-30 को ऑपरेट करता है। ऐसे में एसयू-35 उसके लिए एक बेहतर विकल्प होगा। हालांकि, उस समय इंडोनेशिया के सामने यूरोफाइटर, राफेल, F-16 और ग्रिपेन जैसे विकल्प मौजूद थे।

एसयू-35 के पक्ष में जाने का एक प्रमुख कारण इसकी विशाल रेंज भी था। यह विमान प्रतिस्पर्धी विमानों की तुलना में दोगुना से भी अधिक इंडोनेशिया के विशाल द्वीपसमूह में गश्त लगा सकता है। और शायद सबसे महत्वपूर्ण बात, पश्चिमी आपूर्तिकर्ताओं पर अत्यधिक निर्भरता से बचने की आवश्यकता थी।

# पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका, जमानत याचिका हुई खारिज

**जालंधर( संदीप मान ) :** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित शराब घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज किए गए धनशोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने शाम 6ः28 बजे आदेश सुनाना शुरू किया जिसमें 22 मिनट लगे। उन्होंने कहा कि सिसोदिया कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सहित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने में शामिल थे। उच्च न्यायालय ने कहा कि सिसोदिया दिल्ली सरकार के सत्ता गलियारे में एक बहुत शक्तिशाली और प्रभावशाली व्यक्ति हैं।

हाईकोर्ट कहा कि जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री से पता चलता है कि प्रथम दृष्टया सिसोदिया ने अपने पूर्व निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सार्वजनिक प्रतिक्रिया गढ़कर आबकारी नीति बनाने की प्रक्रिया में गड़बडी की। उच्च न्यायालय ने 14 मई को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता, सीबीआई और ईडी की दलीलें सुनने के बाद याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। सिसोदिया ने अधीनस्थ अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।

अधीनस्थ अदालत ने अब समाप्त की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को तैयार करने और इसके कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में क्रमशः सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज किए गए भ्रष्टाचार तथा धनशोधन मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इस बीच, विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मंगलवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल नौ मार्च को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया था। इससे पहले कथित शराब घोटाले में सिसोदिया को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।



# सच सामने आएगा तो अपने परिवार से नजरें नहीं मिला पाओगे...

## स्वाति मालीवाल के बयान से केजरीवाल एंड कंपनी में हड़कंप... किसका सच आयेगा बाहर...?

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** दिल्ली-सीएम अरविंद केजरीवाल की बेहद करीबी और आप पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को लेकर पूरे देश की राजनीति में हलचल मची हुई है। भारतीय जनता पार्टी जहां एक ओर स्वाति के साथ सीएम आवास में हुई मारपीट के मामले में अरविंद केजरीवाल को गुनाहगार मान रही है और उनसे मुख्यमंत्री मंत्री पद छोड़ने की मांग कर रही है।

राज्यसभा सांसद बनने से पहले स्वाति मालीवाल दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख भी रह चुकी है। वहीं दिल्ली सीएम के आवास पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी मामले में पुलिस ने आरोपी विभव कुमार को



गिरफ्तार कर लिया है।

अब मालीवाल ने एक्स पर लिखा कि कल से दिल्ली के मंत्री झूठ फैला रहे है कि मुझपे भ्रष्टाचार की FIR हुई है इसलिए BJP के इशारे पर मैंने ये सब किया.

ये FIR 8 साल पहले 2016 में हो चुकी थी जिसके बाद मुझे सीएम और रूस दोनों ने दो बार और महिला आयोग की अध्यक्ष नियुक्त किया। केस पूरी तरह फर्जी है जिस पर 1.5 साल से माननीय High Court ने stay लगाया हुआ है जिन्होंने माना है कि पैसे का कोई लेन देन नहीं हुआ है।

पूरी ट्रोल आर्मी मुझपे लगा दी गई सिर्फ़ इसलिए क्योंकि मैंने सच बोला। पार्टी के सभी लोगों को फ़ोन करके बोला जा रहा है स्वाति की कोई पर्सनल वीडियो है तो भेजो, लीक करनी है ख़ैर, झूठ ज्यादा देर तक टिक नहीं पाता है। पर सत्ता के नशे में किसी को नीचा दिखाने के जुनून में ऐसा न हो जाये की जब सच सामने आये तो अपने परिवारों से भी नज़रे न मिला पाओ।

तुम्हारे हर फैलाए झूठ के लिए तुम्हें कोर्ट लेके जाऊँगी! मालीवाल ने आगे कहा- मैं बिभव कुमार के खिलाफ कंप्लेंट देने तक इनके हिसाब से 'लेडी सिंघम' थी और आज भाजपा की एजेंट बन गई?

# राहुल गांधी को झटका

## अमित शाह पर टिप्पणी मामले में जारी हुआ समन

### अदालत ने कहा- अब सुनवाई के लिए हो हाजिर





**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एमपी एमएलए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसको लेकर भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई थी।

### कोर्ट में हाजिरी के लिए जारी हुआ समन

राहुल गांधी ने कहा था कि भाजपा में एक हत्या का आरोपित अध्यक्ष बन सकता है लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता इसी मामले में राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है जिसमें अदालत में उन्हें कोर्ट में उपस्थित होने के लिए समन जारी किया है।

नवीन की याचिका में कहा गया है कि राहुल के बयान से उन्हें ठेस पहुंची है और साथ में पार्टी की छवि भी खराब हुई है इसलिए शिकायतवाद दायर किया गया है।

### साल 2018 का है मामला

गौरतलब है कि साल 2018 में राहुल गांधी ने दिल्ली के अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में हत्या का आरोपित भी अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता है। जिसको लेकर चाईबासा कोर्ट में भी शिकायत वाद दर्ज कराई गई है। यहां अदालत में इस मामले में राहुल गांधी पर पीड़क कार्यवाही नहीं की अवधि को बढ़ा दिया है।

# मोदी सरकार ने खिलाड़ियों का बहुत सहयोग किया...

## दूसरी बार ओलंपिक में चयन होने पर मनु भाकर ने कह दी ये बात

**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** हरियाणा की खिलाड़ी मनु भाकर का ओलंपिक में चयन होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मनु लगातार दूसरी बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही है। मनु भाकर ओलम्पिक खेलों में शूटिंग के 10 मीटर, 50 मीटर और मिक्स डबल्स इवेंट में भाग लेंगी। मनु इन खेलों में तीन इवेंट में गोल्ड मेडल के लिए निशाना साधने जा रही है। मनु भाकर का कहना है कि वे देश के लिए गोल्ड मेडल जितने के लिए एड़ी चोटी का ज़ोर लगाएंगी और हर हाल में देश को झोली में पदक डालने का काम करेंगी।

### केंद्र सरकार की तारीफ

मनु भाकर ने एक तरफ जहां केंद्र सरकार की खेल नीति की प्रशंसा की तो वहीं दूसरी तरफ प्रदेश सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। मनु का कहना है कि केंद्र सरकार ने खिलाड़ियों का बहुत सहयोग किया है। साथ ही उनका यह भी कहना है कि हरियाणा में शूटिंग के लिए बढ़िया रेंज नहीं है। शूटिंग के खिलाड़ियों को हरियाणा सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाएं काफी नहीं हैं। इसके लिए सरकार को खिलाड़ियों को और भी ज्यादा सुविधाएं देने की जरूरत है।




### लोगों से की मतदान करने की अपील

मनु भाकर का कहना है कि उन्हें उनके परिवार की ओर से हर कदम पर भरपूर सहयोग मिला है। वहीं दूसरी तरफ खिलाड़ी मनु भाकर ने मतदाताओं से भी लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़ लर मतदान करने की भी अपील की है। बता दें कि मनु भाकर ने 2022 काहिरा विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में रजत और हांगझोऊ में 2023 एशियाई खेलों में उसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। युवा निशानेबाज ने चांगवान में एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं और भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है।

# नशा तस्करों पर Raid करने गई पतारा थाना पुलिस पर हमला

### SHO समेत कई मुलाजिम जख्मी

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** गांव पतारा में नशा कर रहे युवकों ने रेड करने आई थाना पतारा की पुलिस पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया जिसके चलते 2 पुलिस कर्मचारी घायल भी हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।थाना पतारा के प्रमुख इंस्पैक्टर बलजीत सिंह हुंदल ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी गांव पतारा निवासी त्रिलोक लाल उर्फ हरमन संधू उर्फ सोनू के घर में बैठकर कुछ युवक नशा कर रहे हैं और वह भोले भाले अन्य लड़के-लड़कियों को भी नशा करने के लिए उकसा रहे हैं। इस सूचना के आधार पर रेड करने गई पुलिस पार्टी ने उक्त घर का दरवाजा खटखटाया तो दरबाजे पर आए हरमन संधू सोनू ने पुलिस कर्मचारियों को जान से मार देने की नीयत से उन पर किसी तेजधार हथियार से हमला कर दिया।






हरमन ने पुलिस कर्मचारी जसवीर सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके अलावा हैड कांस्टेबल बरजिंदर पाल भी घायल हो गया। उसकी वर्दी भी खून से लथपथ हो गई। इतना ही नहीं इसके बाद हरमन ने अपने साथियों समेत घर की छत पर चढ़कर भी नीचे खड़े पुलिस कर्मियों ईंट-पत्थर फैंकने शुरू कर दिए और नशे की हालत में हरमन व अन्य पुलिस मुलाजिमों को गालियां निकालते हुए साथ लगते घरों की छतों पर चढ़कर फरार होने में सफल हो गए। एस. एच.ओ. बलजीत सिंह हुंदल ने बताया कि आरोपियों की पहचान त्रिलोक लाल उर्फ हरमन संधू सोनू पुत्र तरसेम लाल, गगनदीप सिंह पुत्र स्व. कुलवंत सिंह, हरमनजोत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह, गुरजीत सिंह जीता पुत्र जीवन लाल, संदीप कुमार शीपा पुत्र मोहिंदर पाल सभी निवासी गांव पतारा थाना पतारा जिला जालंधर तथा परगट सिंह पुत्र सुरिंदर सिंह निवासी 309 न्यू जोगिंदर नगर थाना रामा मंडी जालंधर के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ आई.पी.सी. की धारा 307, 353, 186, 332, 148 व 149 के तहत एफ.आई.आर. नंबर-22 थाना पतारा में दर्ज की गई है। इंस्पैक्टर बलजीत सिंह हुंदल ने कहा कि पुलिस पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें रेड कर रही हैं।




# कनाडा स्थित खालिस्तानी समर्थक मामले में NIA का एक्शन, अर्शदीप सिंह और 3 सहयोगियों पर दायर की चार्जशीट

**जालंधर( काजल विज ) :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कनाडा स्थित खालिस्तान समर्थक आतंकवादी अर्शदीप सिंह और उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ पंजाब और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में आतंकी हमलों की साजिश का हिस्सा होने के आरोप में आरोप पत्र दायर किया है। एजेंसी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

आरोप पत्र में कहा गया है कि यह कार्रवाई पंजाब और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए सिंह उर्फ अर्श डाला द्वारा संचालित स्लीपर सेल को नष्ट करने के एनआईए के प्रयासों में एक बड़ी छलांग है।आतंकवाद रोधी एजेंसी द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि कनाडा स्थित अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला और उसके भारतीय एजेंटों हरजीत सिंह उर्फ हैरी मौर, रविंदर सिंह उर्फ राजविंदर सिंह उर्फ हैरी राजपुरा और राजीव कुमार उर्फ




शीला के खिलाफ एनआईए विशेष अदालत (नई दिल्ली) के समक्ष आरोप पत्र दायर किया गया है।

**आतंकी हमलों को अंजाम देने की बनाई योजना :** बता दें कि तीनों सहयोगी खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के आतंकवादी डाला के निर्देश पर भारत में एक बड़ा आतंकी-गैंगस्टर सिंडिकेट चला रहे थे।एनआईए ने कहा कि आरोपी माउर और राजपुरा स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहे थे और उन्हें राजीव कुमार द्वारा पनाह दी जा रही थी और तीनों ने डाला के निर्देश पर और उससे प्राप्त धन से कई आतंकी हमलों को अंजाम देने की योजना बनाई थी।

**टारगेट किलिंग को अंजाम देने का सौंपा गया था काम :** बयान में कहा गया है कि मौर और राजपुरा गिरोह के शूटर थे और उन्हें लक्षित हत्याओं को अंजाम देने का काम सौंपा गया था, जबकि राजीव कुमार उर्फ शीला को हैरी मौर और हैरी राजपुरा को शरण देने के लिए अर्श डाला से धन मिल रहा था। एनआईए की जांच से यह भी पता चला है कि कुमार डाला के निर्देश पर अन्य दो के लिए रसद सहायता और हथियारों की व्यवस्था भी कर रहा था।

### गैंगस्टर सिंडिकेट को नष्ट करने के लिए जांच जारी

जांच एजेंसी ने मौर और राजपुरा को 23 नवंबर, 2023 को और कुमार को 12 जनवरी, 2024 को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने कहा, पूरे आतंकवादी-गैंगस्टर सिंडिकेट को नष्ट करने के लिए जांच जारी है।

---

आप को बड़ा झटका...

## EX MLA जगबीर बराड़ ने बीजेपी ज्वाइन की, कैंट हलके में तिनका तिनका बिखरा झाड़ू

### बराड़ के आने से कैंट में मजबूत हुई बीजेपी

**जालंधर( काजल विज ) :** EX MLA जगबीर बराड़ ने बीजेपी ज्वाइन की।



## तालाब में कपड़े धोने गई 5 बालिकाओं में से 4 की मौत, पूरे इलाके में छाया मातम

**जालंधर ( काजल विज ) :** गुजरात के भावनगर शहर में तालाब में डूब जाने से पांच में से चार बालिकाओं की मंगलवार को मौत हो गई जबकि अन्य एक को बचा लिया गया। आधिकारिक सूत्रों नें बताया कि भावनगर शहर के बोर तालाब (गौरीशंकर सरोवर) पर आज पांच बालिकाएं कपड़े धोने गईं थीं। इस दौरान एक लड़की का पांव फिसलने से वह पानी में डूबने लगी। उसे बचाते हुए अन्य चार बालिकाएं भी गहरे पानी में डूब गयीं। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियों के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए।



दमकल कर्मियों और स्थानीय तैराकों ने कड़ी मशक्कत को बाद चार बालिकाओं के शव तालाब से बाहर निकाल लिए जबकि एक बालिका को बेहोशी की हालत में पानी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों की पहचान अर्चनाबेन हरेशभाई डाभी (17), राशिबेन मनीषभाई चारोलिया (नौ), काजलबेन विजयभाई जांबुचा (12) कोमलबेन मनीषभाई चारोलिया (13) जबकि किंजल मनीषभाई चारोलिया (12) का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्वाई शुरू कर दी है।

---

# अवैध कामों का दबाव डाला, मना किया तो पद से हटाया

### AAP सरकार के खिलाफ HC में पूर्व डीजीपी

**जालंधर ( हिमांशु ) :** पंजाब के पूर्व डीजीपी विरेश कुमार भावरा ने हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। इस अर्जी में उन्होंने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने उनके ऊपर अवैध काम करने के लिए दबाव डाला था ।भावरा ने कहा कि मान सरकार ने मुझसे अवैध कामों को करने को कहा था। इसके अलावा सत्ता में आते ही भगवंत मान सरकार ने उनसे कहा था कि वे इस्तीफा दे दें। इसके अलावा महत्वपूर्ण लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने को भी कहा गया। भावरा ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की बेंच के समक्ष दाखिल अर्जी में ये आरोप लगाए।






उन्होंने जस्टिस दीपक सिब्बल और जस्टिस दीपक मनचंदा की बेंच के समक्ष अर्जी में कहा गया कि इस सरकार ने मार्च 2022 में सत्ता संभाली थी। उसके बाद से ही मेरे ऊपर दबाव था कि पद छोड़ दूं। डीजीपी ने कहा कि इस सरकार ने आते ही उन्हें पद से हटा दिया। उसने ऐसा करते समय ट्रांसफर को लेकर सुप्रीम कोर्ट की ओर से तय किए गए नियमों का भी उल्लंघन किया। अदालत ने अब केस की अगली सुनवाई के लिए 4 जुलाई की तारीख तय की है। यह अर्जी वकील बिक्रमजीत सिंह पटवालिया और सुखमणि पटवालिया के माध्यम से दाखिल की गई।

इस केस में मौजूदा डीजीपी गौरव यादव को भी पार्टी बनाया गया है। भावरा ने कहा कि इस सरकार ने जैसे ही चार्ज लिया तो मेरे ऊपर दबाव बनाया जाने लगा कि पद से इस्तीफा दे दूं। ऐसा दबाव महज इसलिए डाला जा रहा था क्योंकि उनकी नियुक्ति पिछली सरकार ने की थी। उन्होंने कहा कि मेरी नियुक्ति एकदम वैध थी। यूपीएससी की ओर से तय नियमों के आधार पर ही मुझे डीजीपी बनाया गया था। लेकिन उस वक्त किसी नियम का पालन नहीं हुआ, जब मुझे जबरदस्ती पद से हटा दिया गया। डीजीपी ने इस दौरान यह भी दावा किया कि पंजाब सरकार ने उन पर दबाव डाला था कि राज्य के बाहर के भी कुछ लोगों को पंजाब पुलिस की ओर से सुरक्षा प्रदान की जाए। ऐसा करना गलता था, लेकिन दबाव डाला गया। भावरा ने कहा कि इस सरकार को पता चल गया था कि मैं उनके दबाव में नहीं आऊंगा। फिर इन लोगों ने जून 2022 से मुझे हटाने की कोशिशें शुरू कर दी थीं। इसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया और बाद में राज्य सुरक्षा सलाहकार के पद पर नियुक्ति दी गई।